प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 23 रविवार 11 जनवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# माघ मेले में मुख्यमंत्री योगी ने उठाया बांग्लादेश का मुद्दा

## कहा- लगता है किसी ने फेविकोल लगा दिया

(एजेंसी) प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि बांग्लादेश की घटनाओं पर इनके मुंह बंद हैं। मुख्यमंत्री यहां माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी महाराज के 726वें प्राकट्य उत्सव को संबोधित कर रहे थे। संत समाज के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरे समाज को जोड़ने का कार्य करता है और जब संत समाज एक मंच पर आकर उद्घोष करता है तो उसका परिणाम भी सामने आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण इसका उदाहरण है, जो पूज्य संतों की साधना और एकता से ही हुआ और जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश की आजादी के बाद कई प्रधानमंत्री हुए और सभी ने देश के विकास के बारे में सोचा, लेकिन भारत की मूल आत्मा को सम्मान मिलना चाहिए और अयोध्या में रामलला विराजमान हों, यह भाव केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भीतर था, जिन्होंने इसे साकार किया।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो राम मंदिर में दर्शन करने गए, राम मंदिर के शिलान्यास में शामिल हुए, प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में भी उपस्थित रहे और मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद शुभ मुहूर्त में सनातन धर्म की ध्वज–पताका के आरोहण में भी भागीदार बने।'धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''इन लोगों का बांग्लादेश की घटना पर मुंह बंद है। इनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। ऐसा लगता है कि किसी ने इनके मुंह पर फेवीकोल चिपका दिया है। उन्होंने कहा, ''ऐसे लोगों द्वारा बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर कोई कैंडल मार्च नहीं निकाला जा रहा है। यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है।'' गंगा की निर्मलता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिवेणी में स्नान की दिव्य अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा, ''मैंने भी यहां आकर सबसे पहले त्रिवेणी में डुबकी लगाकर मां गंगा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कितना पावन जल है। आज से आठ–दस वर्ष पहले क्या इतना निर्मल जल उपलब्ध हो पाता था?'' उन्होंने कहा, ''जब रामभक्त और गंगाभक्त देश की सत्ता में होता है, तभी ऐसे दिव्य अवसर प्राप्त होते हैं।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''नमामि गंगे अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है और भारत माता का सच्चा सपूत ही ऐसा कार्य कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि यहां स्नान करने वाला प्रत्येक श्रद्धालु प्रधानमंत्री को आशीर्वाद दे रहा है। विपक्षी नेताओं का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं, वे कभी किसी के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जब ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का अवसर मिला, तब वे केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे और उससे आगे उनकी दृष्टि नहीं थी। उन्होंने कहा, ''आज सत्ता से बाहर होने पर वे तरह–तरह के नारे दे रहे हैं, लेकिन यह वास्तविकता नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने आरोप, ''जब भी उन्हें मौका मिलेगा, वे पहचान का संकट खड़ा करेंगे, अराजकता फैलाएंगे, सनातन धर्म पर प्रहार करेंगे और दंगों की आड़ में समाज को झुलसाने का प्रयास करेंगे। किसी भी स्थिति में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने दी जानी चाहिए।''कार्यक्रम में स्वामी राम दिनेशाचार्य जी महाराज, रामानुजाचार्य जी महाराज, राघवाचार्य जी महाराज, सतुआ बाबा महाराज, परमार्थ निकेतन के चिदानंद सरस्वती, दिगंबर अखाड़ा के वैष्णव दास जी महाराज प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# हिजाब पहनने वाली बेटी एक दिन भारत की प्रधानमंत्री बनेगी, यह मेरा सपना है : असदुद्दीन ओवैसी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि हिजाब पहनने वाली महिला एक दिन भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। महाराष्ट्र के सोलापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, शपाकिस्तान के संविधान में लिखा हुआ है कि सिर्फ एक ही मजहब का आदमी प्रधानमंत्री बन सकता है। बाबा साहब आंबेडकर का जो संविधान है, वो कहता है कि भारत का कोई भी नागरिक वजीर–ए–आजम बन सकता है। असदुद्दीन ओवैसी का ख्वाब ये है कि एक दिन आएगा जब हिजाब पहनने वाली बेटी इस देश की वजीर–ए–आजम बनेगी। भले हम और आप रहें या ना रहें। ऐसा हो सकता है कि तब तक जमीन में हमारी हड्डियां भी गुम जाएंगी। मगर देखना, एक दिन ऐसा होगा।श असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों के खिलाफ जो नफरत तुम भड़का रहे हो, ये ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी।नफरत फैलाने वालों तुम खत्म हो जाओगो। मोहब्बत जब आम होगी तो लोगों को मालूम होगा कि कैसे इनके दिलों–दिमाग में जहर भर दिया गया था। इस बीच, ओवैसी के हिजाब वाले बयान पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, श्कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है, उसके पहनावे पर कभी वोटिंग नहीं होती। संविधान क्या कहता है कि ऐसा कपड़ा पहनने वाला ही पीएम होगा या ये भाषा बोलने वाला पीएम होगा। संविधान में जो चीजें हैं उनको व्यर्थ विवाद में डालकर प्रतिदिन नफरत का सैलाब बढ़ाया जा रहा है।ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा, श्लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंदर कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है।श वहीं, ।प्डप्ड चीफ ने आरोप लगाया कि दिल्ली में मस्जिद की वक्फ के स्वामित्व वाली संपत्ति के हिस्से को ध्वस्त कर दिया गया और उन्होंने इसके लिए वक्फ संशोधन अधिनियम को जिम्मेदार ठहराया।



# युवाओं से संवाद में एनएसए अजीत डोभाल बोले, किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं युद्ध

(एजेंसी) नयी दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' (बीवाईएलडी) के उद्घाटन समारोह में युवाओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भारत के भविष्य, नेतृत्व, शक्ति, आत्मविश्वास और ऐतिहासिक अनुभवों पर विस्तार से बात की। डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, अगर यह इसी तरह ''ऑटोपायलट'' पर भी चलता रहे, तो भी भारत का विकसित राष्ट्र बनना तय है। डोभाल ने कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं। हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाइयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें।कार्यक्रम की शुरुआत में अजीत डोभाल ने बेहद सादगी और आत्मीयता के साथ युवाओं से खुद को जोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनका कार्यक्षेत्र और अनुभव युवाओं से काफी अलग है और उम्र का अंतर भी बहुत बड़ा है। डोभाल ने कहा, ''आपमें से अधिकांश मुझसे 60 साल से ज्यादा छोटे हैं। मेरा जन्म स्वतंत्र भारत में नहीं, बल्कि आजादी से पहले हुआ था। मेरी जवानी तो कब की बीत चुकी है। इसलिए मैं यह सोचकर असमंजस में था कि यहां आऊं या नहीं।'' उन्होंने स्वीकार किया कि आज के बदलते दौर में तकनीक, सोच और जीवनशैली इतनी तेजी से बदल रही है कि वह सब कुछ जानने का दावा नहीं कर सकते, लेकिन कुछ मूल बातें ऐसी हैं, जो हर पीढ़ी को जोड़ती हैं।युवाओं को संबोधित करते हुए एनएसए डोभाल ने निर्णय लेने की क्षमता को जीवन का सबसे अहम कौशल बताया। उन्होंने कहा कि चाहे समय बदले या तकनीक, इंसान के फैसले ही उसकी पहचान बनाते हैं। उनके शब्दों में, ''एक छोटी सी बात है जो आपके पूरे जीवन की दिशा तय करती है,आपकी निर्णय लेने की क्षमता। आप रोज छोटे–बड़े फैसले लेते हैं। जैसे–जैसे आपकी उम्र और जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, फैसलों का महत्व और बढ़ता जाएगा।'' डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत के भविष्य को लेकर उन्हें किसी तरह का संदेह नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''भारत विकसित होगा, यह निश्चित है। इस पर कोई सवाल नहीं है।अपने संबोधन में अजीत डोभाल ने वैश्विक हालात और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे अधिकांश युद्ध और टकराव इस बात का नतीजा हैं कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। डोभाल ने कहा, ''अगर आप शक्तिशाली हैं, तो आप स्वतंत्र रहेंगे। लेकिन अगर आत्मविश्वास नहीं है, तो आपकी सारी शक्ति, हथियार और संसाधन बेकार हैं।'' उन्होंने भारत के वर्तमान नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश को ऐसा नेतृत्व मिलना सौभाग्य की बात है, जिसकी प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा है।डोभाल ने नेतृत्व के महत्व को समझाने के लिए फ्रांस के सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''नेपोलियन ने एक बार कहा था, मैं एक भेड़ के नेतृत्व में 1000 शेरों से नहीं डरता, लेकिन एक शेर के नेतृत्व में 1000 भेड़ों से डरता हूं।'' इस कथन के जरिए उन्होंने यह संदेश दिया कि नेतृत्व केवल पद या शक्ति का नाम नहीं है, बल्कि दिशा, आत्मविश्वास और साहस देने की क्षमता का नाम है।'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में डोभाल ने इतिहास का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत का वैश्विक नेतृत्व कोई नई बात नहीं है। उन्होंने 'विश्व अर्थव्यवस्था का इतिहास' नामक प्रसिद्ध पुस्तक का उल्लेख किया, जिसे म्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने लिखा था। डोभाल के अनुसार, ''जब जापान का उदय हो रहा था, तब पश्चिमी दुनिया में यह बहस शुरू हुई कि क्या कोई एशियाई देश पश्चिम से आगे निकल सकता है। इसी अध्ययन के तहत यह किताब लिखी गई।'' उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में पहली से उन्नीसवीं शताब्दी तक का आर्थिक इतिहास दर्ज है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि करीब 1700 वर्षों तक भारत और कभी–कभी चीन विश्व अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करते रहे।एनएसए ने कहा कि उस दौर में भारत और चीन मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का 55 से 60 प्रतिशत हिस्सा रखते थे। डोभाल ने कहा कि हम कभी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था के शिखर पर थे। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत का पतन हुआ, क्योंकि कोई भी सफलता स्थायी नहीं होती। यह एक निरंतर संघर्ष है। राष्ट्र को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास जरूरी है। यह संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता। अपने भाषण के भावनात्मक हिस्से में अजीत डोभाल ने स्वतंत्रता संग्राम और शहीदों के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैसा स्वतंत्र नहीं था जैसा आज दिखाई देता है। डोभाल ने कहा, ''हमारे पूर्वजों ने अपमान सहे, बलिदान दिए और कई लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। भगत सिंह को फांसी दी गई, सुभाष चंद्र बोस ने जीवन भर संघर्ष किया और महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का मार्ग दिखाया।'' उन्होंने यह भी कहा कि अनगिनत लोगों ने अपनी जान गंवाई ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वतंत्र भारत में सांस ले सकें।एनएसए ने भारत के इतिहास के उन अध्यायों का भी जिक्र किया, जिनमें देश ने अपमान और अत्याचार सहे। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर तोड़े गए, गांव लूटे गए और हमारी सभ्यता को कुचल दिया गया, जबकि हम असहाय मूक दर्शक बने रहे। हालांकि डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि इतिहास का उद्देश्य केवल दुख याद करना नहीं, बल्कि उससे सीख लेना है। इतिहास हमें चुनौती देता है।अपने संबोधन के अंत में डोभाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नकारात्मक भावना के बजाय सकारात्मक राष्ट्रनिर्माण की सोच अपनाएं। उन्होंने कहा, ''बदला लेना अच्छा शब्द नहीं है, लेकिन यह शक्तिशाली भावना है। हमें अपने मूल्यों पर आधारित एक महान भारत का पुनर्निर्माण करके अपने देश का बदला लेना होगा।''डोभाल ने भरोसा जताया कि आज के युवाओं में वह जोश, क्षमता और आत्मविश्वास है, जो भारत को एक बार फिर वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर एनएसए अजीत डोभाल का संदेश साफ था, भारत का भविष्य उज्ज्वल है, नेतृत्व मजबूत है और युवा उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। सही निर्णय, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के साथ 'विकसित भारत' केवल सपना नहीं, बल्कि तय मंजिल है।



# जयपुर में शाह ने 9000 कॉन्स्टेबल को नियुक्तिपत्र दिए, बोले इनको सिफारिश नहीं, योग्यता से नियुक्तिमिली

(एजेंसी) जोधपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर में 9000 नव नियुक्त कॉन्स्टेबल को नियुक्ति पत्र दिए। राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में शाह ने राम राम से भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा आज 9000 कॉन्स्टेबलों को किसी सिफारिश नहीं अपनी योग्यता से नियुक्ति मिली है। कोई राज्य तभी आगे आ सकता है जब नियुक्ति पारदर्शिता से की हो। भजनलाल ने कांग्रेस सरकार का पेपर लीक का सिलसिला खत्म कर उससे निजात दिलाई है। इस दौरान चूरू के रतन नगर पुलिस थाने को सर्वश्रेष्ठ थाने का पुरस्कार मिला। इससे पहले जोधपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा माहेश्वरी समाज जॉब सीकर नहीं रहा, जॉब क्रिएटर रहा है। ऐसे ही सदियों तक यह समाज देश की सेवा करता रहे। राम मंदिर पर पुस्तक लिख रहा युवक मेरे पास आया। मैंने उससे पूछा कि तुम्हारे पास क्या जानकारी है? उसने बताया कि आजादी के बाद राम मंदिर के लिए सबसे पहले प्राणों की आहूति देने वाले दोनों भाई माहेश्वरी समाज से थे। अमित शाह ने कहा कि देश के सांस्कृति पुनर्जागरण में भी माहेश्वरी समाज का योगदान बहुत बड़ा है। माहेश्वरी समाज के हाथ में तलवार भी अच्छी लगती है, तराजू भी। समाज के दिए हुए भामाशाहों की सूची बनाएंगे तो कई पेज भर जाएंगे। शनिवार को शाह पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में चल रहे माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा देश को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम लाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं, जिन्हें माहेश्वरी समाज कर सकता है। पहली, जो उत्पादन करते हैं तो वो करिए, लेकिन साथ में ऐसी चीजों का उत्पादन भी करें, जो भारत में नहीं बनती है। दूसरी, स्वदेशी। जितना हो सके, उतना स्वदेशी चीजों का उपयोग करें। यह तय कर लें कि मेरे देश में बनी है, उसी चीज का व्यापार करूंगा। स्वदेशी के साथ स्वभाषा का भी उपयोग करें। जब मुगलों के साथ लड़ते थे तो राजा–महाराजा के खजाने भरने का काम माहेश्वरी समाज ने किया। जब अंग्रेजों से लड़े तो महात्मा गांधी की लड़ाई का खर्च माहेश्वरी समाज के सेठों ने उठाया है। जब देश आजाद हुआ तो उद्योग के क्षेत्र में माहेश्वरी समाज ने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। अमित शाह ने कहा कि चाहे उत्पादन का क्षेत्र हो, चाहे टेक्नोलॉजी को अपनाना हो, माहेश्वरी समाज ने प्रगतिशील समाज का परिचय दिया है। हमारे गुजरात में कहावत है कि जहां न पहुंचे रेलगाड़ी, वहां पहुंच जाए मारवाड़ी। अमित शाह ने कहा कि जब समाज के आयोजन होते हैं तो कई प्रगतिशील लोग टीका–टिप्पणी करते हैं, मैंने ऐसी कई टिप्पणी झेली है। हमारे यहां समाजों के ऐसे महाकुंभ भारत को मजबूत करते हैं, भारत को विघटित नहीं करते। यदि हर समाज अपने गरीब भाई–बहनों की देखभाल स्वयं कर ले तो भारत से गरीबी मिट जाए। यदि हर समाज आत्मनिर्भर बन जाए तो पूरा भारत आत्मनिर्भर बन जाएगा।



# अयोध्या राम मंदिर परिसर की सुरक्षा में सेंध, नमाज पढ़ते हिरासत में लिया गया कश्मीरी युवक

(एजेंसी) अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में एक कश्मीरी युवक ने नमाज पढ़ने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के हाथ–पांव फूल गए। जैसे ही युवक ने नमाज पढ़ने के लिए कपड़ा बिछाया तो वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। इसके बाद वह नारेबाजी करने लगा। सूचना पर कई सुरक्षा एंजेसियां मौके पर पहुंची हैं। युवक को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया। अब उससे पूछताछ की जा रही है। मामला दोपहर करीब दो बजे के आसपास का बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार राम मंदिर में आए श्रद्धालुओं के बीच एक कश्मीरी युवक मंदिर परिसर में घुस गया। युवक सीधे पश्चिमी परकोटे पर पहुंचा और कपड़ा बिछाकर नमाज पढ़ने की कोशिश करने लगा। मंदिर परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों की जब युवक पर नजर पड़ी तो उन्होंने बिना देर किए युवक को पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद युवक ने समुदाय विशेष के नारे लगाने शुरू कर दिए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और सीआरपीएफ, एसएसएफ, इंटेलिजेंस समेत सभी एजेंसियों को दी। आनन–फानन में सभी एजेंसियों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक को हिरासत में लेकर अब उससे पूछताछ की जा रही है।अयोध्या राम मंदिर परिसर के पास नमाज पढ़ने की कोशिश करते हुए एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने रोके जाने पर शख्स ने संप्रदाय विशेष के नारे लगाने शुरू कर दिए। युवक की पहचान कश्मीर के शोपियां के रहने वाले अहमद शेख के रूप में हुई है।मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने पर युवक ने कथित तौर पर नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही खुफिया एजेंसियां, स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एक्टिव हो गए। युवक से पूछताछ की जा रही है। वहीं युवक ने यह उस उद्देश्य के लिए किया इसकी गहन जांच की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, अहमद शेख मंदिर के गेट डी वन से अंदर घुसा था। राम मंदिर परिसर के दक्षिणी परकोटे पर युवक नमाज पढ़ रहा था। तभी कुछ लोगों की नजर पड़ गई। इस दौरान उसको देख सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की थी। बवाल होने पर सुरक्षा बलों आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवक से खुफिया एजेंसी, पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की घटना के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। शहर में कश्मीरी शॉल बेचने वाले लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। उनसे भी पूछताछ हो रही है। घटना आज सुबह की घटना बताई जा रही है। वहीं इस मामले पर राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से कोई भी बयान सामने नहीं आया है।



# सम्पादकीय

## एसआईआर के बाद राजनीति हुई तेज़

जैसा कि सर्वविदित है किउत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की ड्रॉट वोटर लिस्ट आ गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि यूपी में मतदाता सूची की समीक्षा के बाद 2.90 करोड़ वोट हटाए गए हैं। इनमें वो मतदाता हैं, मृत वोटर, डुप्लीकेट वोटर और कहीं और पलायन कर चुके लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश ने अब 6 फरवरी 2026 तक वोटर लिस्ट में डिलीट नामों पर दावे और आपत्तियां मांगी हैं। ऐसे में मतदाताओं के पास अभी अपना नाम जुड़वाने का अवसर है।



नफीस जाफरी

यूपी में सबसे ज्यादा लखनऊ में 30 फीसदी और गाजियाबाद में 28 फीसदी वोटर्स के नाम डिलीट किए गए हैं। हालांकि कई मुस्लिम बहुल जिलों में भी बड़े पैमाने पर वोट कटे हैं। अब बात एसआईआर के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच शुरू हुए घमासान की तो मालूम हो कि यूपी के मुस्लिम बहुल जिलों की बात करें तो 13 से 20 फीसदी तक नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। संभल जिले में सबसे ज्यादा 20.29 फीसदी वोट डिलीट हुए हैं। अलीगढ़ में 18.60 प्रतिशत और रामपुर में 18.29 प्रतिशत वोट कटे हैं। जबकि अमरोहा में सबसे कम 13.22 फीसदी नाम हटाए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर सरकार और चुनाव आयोग को घेरा है। अब भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा अखिलेश यादव का डर स्वाभाविक है,वह जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में दाल नहीं गलेगी। बृजेश पाठक ने अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए कहा समाजवादी पार्टी के गुंडाराज को जंगल राज को उत्तर प्रदेश के लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे कभी माफ नहीं करेंगे। पुरानी बात याद दिलाते हुए बृजेश पाठक ने कहा बिहार मे एसआईआर के बाद चुनाव हुए। मीडिया से मालूम चला कि 65 लाख फेक मतदाता थे। एक भी कंप्लेंट चुनाव आयोग को नहीं मिली। निष्पक्ष पारदर्शिता पूर्ण चुनाव हुए राजद के जंगल राज को बिहार वालों ने नकार दिया। बिहार की बात करते हुए अखिलेश को निशाने पर लेटे हुए बृजेश पाठक ने कहा अखिलेश भी बिहार में तेजस्वी और राहुल गांधी के गलबहियां करते हुए फिर रहे थे। केवल अपना चेहरा छुपाने के लिए अखिलेश यादव इस तरीके की बयानबाज़ी कर रहे हैं। अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि वह बताएं कि किस बूथ पर गड़बड़ियां है और चुनाव आयोग ने कोई अंतिम मतदाता सूची नहीं जारी की है। चुनाव आयोग ने संविधान के मुताबिक एसआईआर करते हुए ड्राट प्रस्तुत किया है और आपत्तियां मांगी है। अखिलेश यादव के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट काटने के आरोप पर बृजेश पाठक ने कहा कि वह खुद भी बूथ पर जाएंगे और देखेंगे किसका नाम जुड़ा है और किसका काटा गया है। अगर ऐसा कोई मिलता है जिसका नाम कट गया है तब भी चुनाव आयोग ने व्यवस्था दे रखी है। फॉर्म 6, 7, 8, है. 6 नंबर जोड़ने के लिए सात नंबर काटने के लिए और आठ नंबर पता परिवर्तित करने के लिए है। एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है। एसआईआर कई वर्षों बाद हो रहा है इसमें कई सारे मृतक हो सकते हैं।घुसपैठियों हो सकते हैं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में नाबालिग हो सकते हैं। ऐसे भी हो सकते हैं जो दो जगह मतदाता हों। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्यकर्ता काम कर रहे हैं समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लोगों को बात बतानी चाहिए कि बूथ पर कितने वोट कटे हैं। बृजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव की बौखलाहट यह है कि आने वाले चुनाव में उनको हार दिख रही है।

## थाना समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्तटीम ने जनता की सुनीं समस्याएं

### -52 शिकायतों में से 23 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 10.01.2026 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस



व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 23 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है ।

# जनता दल यू में निशांत कुमार को लेकर चर्चाओं का बाज़ार फिर गर्म



गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल में समीक्षा के लिए समिति बनाई गई, जिसमें अब्दुल बारी सिद्दीकी, आलोक मेहता, उदय नारायण चौधरी जैसे और भी नेता थे। इन लोगों ने राजद के हर एक उम्मीदवार से मुलाकात की, साथ में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी इनपुट लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की। राजद की इस समीक्षा समिति ने पाया कि नीतीश कुमार सरकार द्वारा महिलाओं को 10 हजार रुपए देना और सरकारी तंत्र इस हार की एक प्रमुख वजह तो थी लेकिन महागठबंधन ने भी कम गलतियां नहीं की। आरजेडी के नेता भी मानते हैं कि अंतिम समय तक टिकट का बंटवारा ना होना और टिकट बांटने में देरी होना, सबसे बड़ा कारण रहा। फिर नाराज नेताओं को मनाने में देरी, जिससे लोग पार्टी को हरवाने में लग गए। कुछ ऐसे नेताओं को टिकट ना देना, जिससे दो–तीन जिलों में सीटों पर असर पड़ा। यही नहीं शीर्ष स्तर पर नेता और निचले स्तर के नेताओं और आम जनता के बीच की दूरी भी हार का बड़ा कारण रही। वहीं बात अब बिहार की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही जनता दल यू की तो मालूम हो कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच उनके बेटे निशांत कुमार के राजनीति में सक्रिय होने की मांग पार्टी के भीतर लगातार जोर पकड़ती जा रही है। विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नाम पर मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद तस्वीरों में दिखे निशांत कुमार को पार्टी में भूमिका देने पर भी मंथन चल रहा है। जेडीयू सूत्रों के अनुसार इस साल मार्च में दिल्ली में होने वाले पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में निशांत कुमार की सक्रिय राजनीति में भूमिका को लेकर कोई संकेत दिया जा सकता है। पिछले साल विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ही निशांत कुमार सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखने लगे हैं। वे गांधी मैदान पर नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में भी सबसे आगे की पंक्तियों में बैठे नजर आए थे जहां मीडिया ने उनसे बातचीत की थी। तब यह पूछने पर कि क्या वे राजनीति में सक्रिय होंगे, उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया था और मुस्कराकर सवाल को टाल दिया था। हालांकि चुनाव परिणाम के बाद से ही निशांत कुमार को राजनीति में लाने को लेकर जेडीयू समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त हलचल मची हुई है। पटना और अन्य जिलों में पोस्टर–बैनर, नारेबाजी और सोशल मीडिया अभियान चल रहे हैं। इनमें निशांत को पार्टी का भविष्य और उत्तराधिकारी बताते हुए 2026 को नेतृत्व परिवर्तन का साल बनाने की मांग हो रही है। पटना के चौक–चौराहों पर श्नीतीश सेवक, मांगे निशांत जैसे बैनर लगाए गए। जेडीयू समर्थक दावा कर रहे हैं कि करोड़ों लोग निशांत को सक्रिय राजनीति में देखना चाहते हैं। जहां तक निशांत कुमार का सवाल है तो निशांत कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इकलौती संतान हैं। पचास वर्ष के निशांत अमूमन कैमरों की चकाचौंध और अखबारों की सुर्खियों से दूर रहते हैं। अपने पिता नीतीश कुमार के दसवीं बार शपथ लेते समय उन्होंने मीडिया से बातचीत की थी और बड़ी जीत के लिए बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया था। हालांकि इस सवाल को वे हंस कर टाल गए थे कि क्या वे राजनीति में आएंगे। इसके पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि खुद नीतीश परिवारवाद के खिलाफ मुखर रहे हैं। निशांत का जन्म 20 जुलाई 1975 को पटना में हुआ था। 50 वर्षीय निशांत मंजू सिन्हा के बेटे हैं, जो एक स्कूल शिक्षिका थीं और 2007 में उनका निधन हो गया था। निशांत अविवाहित हैं और दशकों से राजनीति से कोसों दूर रहते आए हैं। ऐसा नहीं है कि वे चुनाव नहीं लड़ सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। निशांत अपने विनम्र स्वभाव और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। निशांत मसूरी के प्रतिष्ठित मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (बोर्डिंग) में पढ़े हैं। बाद में मां मंजू सिन्हा के आग्रह पर वे पटना लौट आए और केंद्रीय विद्यालय,



पाटलिपुत्र से 10वीं की पढ़ाई पूरी की। निशांत ने झारखंड के बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। स्नातक के बाद वे आईटी सेक्टर में सक्रिय रहे, जहां उन्होंने पटना और दिल्ली में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम किया। हालांकि, उन्होंने कभी कोई हाई–प्रोफाइल जॉब या बिजनेस नहीं किया, बल्कि निजी जीवन को प्राथमिकता दी। कहा जाता है कि निशांत सामाजिक कार्यों और अध्यात्म में गहरी रुचि रखते हैं। वे पिता के सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी दिखते हैं। जैसे नीतीश के जन्मदिन, पार्टी की रैलियों या सरकारी योजनाओं के उद्घाटन आदि में पर्दे के पीछे नजर आते हैं। बिहार में बाढ़ राहत, शिक्षा जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर वे चुपके से योगदान देते रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी मौजूदगी न्यूनतम है। कभी–कभार पोस्ट करते हैं, जिसमें ज्यादातर पारिवारिक फोटो या बिहार की संस्कृति से जुड़ी सामग्री होती है। राजनीतिक साक्षात्कारों से वे हमेशा बचते रहे हैं, सवालों का जवाब मुस्कान से देते हैं। उनकी सादगी नीतीश के सादगी के प्रतीक छवि से मेल खाती है, जो बिहार की जनता को आकर्षित करती है। वे अपने पिता के साथ बख्तियारपुर भी जा चुके हैं जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया था। वहां निशांत ने अपने दादाजी कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमा को फूलमाला पहनाई थी। 2020 बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से निशांत को राजनीति में उतारने की चर्चा तेज हुई, लेकिन 2025 चुनाव परिणामों ने इसे चरम पर पहुंचा दिया। हालांकि 2025 के चुनाव के समय भी कुछ जेडीयू नेताओं ने नीतीश कुमार को सुझाव दिया था कि निशांत को नालंदा सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाए। लेकिन नीतीश कुमार ने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया था कि उन्होंने जीवन में कभी यह काम नहीं किया। तो वहीं दूसरी ओर जेडीयू की जीत के बाद पटना के फ्रेजर रोड, बोरिंग रोड और गांधी मैदान जैसे इलाकों में नव वर्ष की नई सौगात, नीतीश सेवक, मांगे निशांत, 2026 निशांत का समय, चाचाजी के हाथों में सुरक्षित अपना बिहार। अब पार्टी के अगले जेनरेशन का भविष्य संवारे निशांत कुमार जैसे पोस्टर लगे हुए हैं। जेडीयू युवा ब्रिगेड और कार्यकर्ताओं ने भूख हड़तालें, पदयात्राएं और सोशल मीडिया कैंपेन चलाए। जेडीयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत कुमार की मौजूदगी में ही कहा, जदयू के कार्यकर्ता और नेता चाहते हैं कि निशांत कुमार पार्टी के लिए काम करें और इसे आगे बढ़ाएं। हालांकि निशांत यह सुन कर बिना कुछ कहे आगे बढ़ गए। जेडीयू के पूर्व सांसद पवन वर्मा और जीतन राम मांझी जैसे नेताओं ने निशांत का खुला समर्थन किया। विपक्षी नेता तेजस्वी यादव ने भी तारीफ करते हुए कहा कि निशांत शिक्षित और सक्षम हैं। तो क्या अपवाद बनेंगे निशांत कुमार ? इस सवाल का जवाब थोड़ा मुश्किल है क्योंकि यह सर्वविदित है कि नीतीश कुमार ने हमेशा परिवारवाद का विरोध किया है, लेकिन बेटे के लिए अपवाद की चर्चा चल रही है। 10वीं बार शपथ लेते समय उन्होंने निशांत का जिक्र किया। यह एक संकेत माना गया। यदि निशांत की एंट्री हुई, तो जेडीयू को युवा ऊर्जा मिलेगी, लेकिन परिवारवाद का आरोप भी लगेगा। अगर वे नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी के रूप में राजनीति में आते हैं तो यह एक और क्षेत्रीय दल में पुत्र उदय होगा। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तमाम क्षेत्रीय दलों में पिता के बाद पुत्र के विरासत संभालने के उदाहरण भरे पड़े हैं।

# वेनेजुएला के बाद क्या बारी ईरान की है?



फरीद वारसी

अमेरिका ने एक सैन्य अभियान चलाकर तीन जनवरी को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया लोरेस को पकड़ लिया था। मादुरो पर अमेरिका ने ड्रग्स की तस्करी से संबंधित आतंकवाद के आरोप लगाए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने उन्हें बीते सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में पेश किया। वहां उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए जज से कहा,मैं एक सभ्य व्यक्ति हूं, अपने देश का राष्ट्रपति हूं। इस दौरान मादुरो ने खुद को युद्धबंदी भी बताया। यानी ऐसा व्यक्ति जिसे युद्ध के दौरान दुश्मन देश ने पकड़ा हो। इसके बाद से ही इस बात पर बहस हो रही है कि क्या अमेरिका मादुरो के साथ युद्धबंदी जैसा व्यवहार करेगा और क्या उन पर जिनेवा समझौता लागू होगा। तो वहीं दूसरी ओर वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरतार करने के बाद क्या अब अमेरिका का अगला निशाना ईरान हो सकता है। ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि ऐसा कहना है अमेरिकी अर्थशास्त्री प्रोफेसर जेफरी सैक्स का। उन्होंने मीडिया से खास बातचीत में अमेरिकी विदेश नीति की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों की आलोचना भी की है। उन्होंने इस दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि ट्रंप के लिए वेनेजुएला पर हमले के बाद अब ईरान उनका अगला टारगेट हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इसके परिणाम ज्यादा घातक हो सकते हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि ईरान के पास हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका आज बेहद सुरक्षित देश है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अभी तक इसने 100 से ज्यादा ऐसी कोशिशें की हैं जिसमें कहीं सत्ता परिवर्तन की कोशिश की गई हो। इसके लिए युद्ध, तख्तापलट, सरकारों को उखाड़ फेंकने के लिए जानबूझकर अशांति फैलाना, कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने, हत्या







कराने, सरकारों पर कब्जा करने के लिए सेनाओं का इस्तेमाल करना और अधिकारियों को गिरतार करना, जैसी चीजें शामिल हैं। हालांकि, यह अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी कानून के खिलाफ है। यह लगभग कभी भी स्थिर सरकार देने के की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं साबित होता है। ज्यादातर समय, यह अराजकता की ओर ले जाता है। उन्होंने इसके लिए वेनेजुएला का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज़ के खिलाफ 2002 के असफल तख्तापलट और बाद में प्रतिबंधों, संपत्ति जब्ती और वैकल्पिक नेतृत्व की मान्यता से जुड़े प्रयासों में अमेरिकी भागीदारी का पता लगाया गया। सैक्स ने कहा, ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के तहत अंतर यह है कि कैसे शासन परिवर्तन पर आधारित इस विदेश नीति को खुले तौर पर अपनाया जा रहा है, यहां तक कि राष्ट्रपति इसे साबित करने के लिए काफी दूर तक जा रहे हैं। सैक्स ने आगे कहा कि जहां राष्ट्रपति ऐसी नीतियों को छिपाते हैं या नरम करते हैं, वहीं ट्रंप विपरीत दिशा में चले गए हैं। उन्होंने मीडिया से कहा कि उन्होंने इस सुरक्षा राज्य को खत्म करने से एक कदम पीछे ले लिया है। ट्रंप कह रहे हैं कि हम यह सब कर सकते हैं – वेनेजुएला को उखाड़ फेंक सकते हैं, इसे चला सकते हैं, ग्रीनलैंड ले सकते हैं, मेक्सिको पर बेहतर नजर रखें, और ईरान को लेकर हम पूरी तरह से तैयार हैं। वह मनोवैज्ञानिक रूप से एक अस्थिर व्यक्ति हैं और एक बूढ़े व्यक्ति हैं जो बहुत आगे के बारे में नहीं सोचते हैं। ग्रीनलैंड के पास चीनी और रूसी नौसैनिक गतिविधि के बारे में ट्रंप की हालिया टिप्पणियों का जिक्र करते हुए सैक्स ने चेतावनी दी कि इस तरह की बयानबाजी वास्तविक कार्रवाई में तब्दील हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक दिन वह कहेंगे कि हमने ग्रीनलैंड के पास चीनी पनडुब्बियों को देखा है और हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। सैनिकों को उतारना और इसे अमेरिकी क्षेत्र घोषित करना कोई दूर की कौड़ी नहीं है। सैक्स ने वेनेजुएला पर पिछले सप्ताह के हमले और उसके बाद राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया लोर्स की गिरतारी के कारणों पर ट्रंप के बदलते बयानों की आलोचना भी की है। सैक्स ने कहा कि यह कुछ ही समय में नार्को–तस्करी से तेल की तरफ शिफ्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि तेल हमारी रुचि बनाए रखता है। उनका (वेनेजुएला का) भंडार सऊदी अरब से बड़ा है, यही एक कारण है कि शासन परिवर्तन को काफी मेहनत से आगे बढ़ाया गया। ट्रंप जानते हैं कि अमेरिका के भंडार चरम पर हैं और फॉसिल यूल पर अमेरिका का इतना लंबा भविष्य नहीं है। हम कहेंगे कि हमें नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा, लेकिन ट्रंप को तेल से प्यार है और इसलिए उन्हें वेनेजुएला को हथियाना है।

# फिल्म 'धुरंधर' की तूफानी कामयाबी का राज क्या है?

बरखा दत्त

भारत में बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ से ज्यादा और दुनिया में 1200 करोड़ रुपए से अधिक कमा चुकी 'धुरंधर' इतिहास रचने वाली फिल्म बन गई है। जिस पाकिस्तान के आतंकी–प्रश्रय को यह फिल्म उजागर करती है, वहां भी इसको लेकर जुनून है। पाकिस्तानी शादियों और पार्टियों में लोग इसके संगीत पर थिरक रहे हैं। कराची के लियारी इलाके की गैंगवार इसमें दिखाई गई है। इसकी इतने बड़े पैमाने पर कामयाबी का राज क्या है, यह न सिर्फ फिल्म निर्माताओं और समीक्षकों, बल्कि हम दर्शकों को भी समझने की जरूरत है। शुरू यहां से करें कि फोन और लैपटॉप पर नेटफ्लिक्स देखने के इस जमाने में यह फिल्म आपको बड़े परदे का वास्तविक सिनेमाई अनुभव देती है। भरी–पूरी स्टारकास्ट, एक्शन और डांस सीक्वेंस, सेट डिजाइन और प्रोडक्शन से लेकर संगीत और स्टोरीटेलिंग– सब कुछ बड़े परदे के लिए ही रचा गया था। 70 और 80 के दशक में बड़े हुए हममें से कइयों की कल्पनाएं हमारी फिल्मों ने गढ़ी हैं। दशकों बाद 'धुरंधर' को लेकर भी ऐसा ही हो रहा है। फिल्म लोगों को जोड़ने वाली एक ऊर्जा पैदा करने में सफल रही है। बेहतरीन तरीके से बनी इस फिल्म को देखने के बाद बहुत लोगों ने बलूचिस्तान के इतिहास, रहमान डकैत और बेनजीर भुट्टो की पीपीपी को जानने के लिए गूगल किया है। इतना तो शायद किसी डॉक्यूमेंट्री, खबर या किताब को पढ़ने के बाद भी नहीं किया होगा। फिल्म की एक और असाधारण बात ये है कि शायद यह पहली भारतीय फिल्म है, जिसकी कहानी लगभग पूरी तरह पाकिस्तान में आधारित है। पाकिस्तानी बाजारों, चुनावी रैलियों का री–क्रिएशन, वास्तविक पुलिसकर्मी और राजनेताओं से प्रेरित कई काल्पनिक किरदार– इसमें सब कुछ बेहद बारीकी से गढ़ा गया है। भारत में आतंकी साजिश रचने में आईएसआई की भूमिका को इसमें जहां बिना किसी लाग–लपेट के उजागर किया गया है, वहीं पाकिस्तान की रोजमर्रा की जिंदगी को भी सटीक तरीके से चित्रित किया गया है। कुछ समीक्षकों ने आरोप लगाया है कि फिल्म भारतीय मुसलमानों के खिलाफ प्रोपेगंडा है। लेकिन यह बड़ी हास्यास्पद आलोचना है। फिल्म में ऐसा एक पल भी नहीं है, जो हमारे अपने लोगों के खिलाफ कोई संदेह पैदा करता हो। और यकीनन, जो लोग भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तानियों के साथ मिलाकर एक ही नजर से देख रहे हैं, वही उनको सबसे बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। भारतीय मुस्लिमों को कभी भी उस नजर से नहीं देखा जा सकता। यदि कोई ऐसा करता है तो वह उस समुदाय का अपमान करता है। मैंने अपने दो मुस्लिम मित्रों के साथ यह फिल्म देखी थी और उन्हें भी यह मेरे जितनी ही पसंद आई। आदित्य धर का फिल्म–निर्माण का एक और तरीका गहराई से सोचने पर मजबूर करता है। यह है काल्पनिक दृश्यों को रीयल लाइफ फुटेज के साथ जोड़ देना। एक दर्शक के तौर पर मेरे लिए इस फिल्म में बेहद भावनात्मक दृश्य थे। मसलन, मुम्बई पर 26/11 आतंकी हमले की योजना बनाने के काल्पनिक दृश्यों के बीच उस वक्त की वास्तविक तस्वीरें विशाल स्क्रीन पर दिखाई जाना। इस आतंकी हमले को मैंने खुद मौके से रिपोर्ट किया था। कहानी कहने की तकनीक के तौर पर यह युक्ति बेहद प्रभावी साबित हुई है। या फिर रहमान डकैत का किरदार लें, जिसे मुंबई हमलों की अहम कड़ी के तौर पर प्रदर्शित किया गया है। फिल्म में उसे आईएसआई और पाकिस्तानी सेना के साथ साजिशें रचते दिखाया गया है। लेकिन असल में हमले को लेकर भारत के खुद के डोजियर में भी उसका नाम कहीं नहीं है। बहरहाल, हमें याद रखना चाहिए कि फिल्में डॉक्यूमेंट्रीज नहीं होतीं। और आखिर में फिल्म का संगीत भी उसका एक दमदार हिस्सा है। इसमें कव्वाली और कुछ पुरानी धुनों को फिर से जीवंत किया गया है। बहरीनी लहजे में गाया गया एक अरबी गीत तो मौजूदा समय का सबसे लोकप्रिय ट्रेंड बन चुका है। फिल्म में संगीत भी किरदारों जितना ही अहम है। यही सब है, जो फिल्म देखने के बाद लंबे समय तक यादों में बना रहता है। आज की पीढ़ी के लिए 'धुरंधर' वैसी ही है, जैसी पहले के जमाने में 'शोले' थी– एक कल्ट फिल्म! जो लोग भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तानियों के साथ मिलाकर एक ही नजर से देख रहे हैं, वही उनको सबसे बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैंने अपने दो मुस्लिम मित्रों के साथ यह फिल्म देखी और उन्हें यह मेरे जितनी ही पसंद आई।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# बाल विवाह मुक्तभारत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रेमा नेत्र चिकित्सालय मऊ, चांदमारी इमीलिया मऊ, डॉ पवन कुमार हॉस्पिटल के सामने तथा विभिन्न स्थलों पर महिला कल्याण विभाग की टीम से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की समस्त टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें ष्बाल विवाह मुक्त भारतष अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती अर्चना राय जेन्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती तृप्ति राय, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती राखी राय, शाहबाज अली तथा आम जनमानस उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना

## -शिकायत का मौके पर ही किया निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर . ( अफजलगढ़ ) थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान आठ शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से पांच शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी



तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा आठ शिकायतें आयी पांच शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कासमपुरगढ़ी चौकी इंचार्ज मनबीर, उपनिरीक्षक कमरूल इस्लाम,उप निरीक्षक हरवीर सिंह,उपनिरीक्षक शिवम तायल,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार,कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार,लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह,ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह,राकेश कुमार,संजीव कुमार,जितेन्द्र कुमार,फूल सिंह, लेखपाल तेजपाल सिंह तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

# बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में सदर विधानसभा में कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक हुई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। आज मऊ जनपद के बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में सदर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक हुई जिसमें मंडल आजमगढ़ में 15 जनवरी को उत्तर प्रदेश की चार बार की पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री बहन कु मायावती जी के 70 वे जन्मदिन को जन कल्याणकारी के रूप में मनाया जाने की तैयारी की बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता सदर विधानसभा के अध्यक्ष विनोद कुमार भारती जी रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्टू जी जिलाध्यक्ष बसपा मऊ रहे। मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्टू जी ने कहा कि इस बार अपने नेता सुश्री बहन कु मायावती जी का जन्मदिन हर साल की



भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा तथा इस अवसर पर हम सभी कार्यकर्तागण यह प्रण लेते हैं कि माननीया सुश्री बहन कु मायावती जी को 2027 के विधानसभा चुनाव में जिताकर उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर बहन जी को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाएंगे।साथ ही साथ सदर विधानसभा क्षेत्र से संगठन के विधानसभा प्रभारी कन्हैया राम जी को सुश्री बहन कु मायावती जी ने दिशा निर्देश पर विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। पत्रकारों के सवालों के जबाब में जिलाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्टू जी ने कहा कि घोसी विधानसभा उपचुनाव को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री बहन कु मायावती जी के निर्देशानुसार लड़ा जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री रघुनाथ राव, श्री सुधाकर राव, श्री लक्ष्मीकांत जी, सतीश चन्द्र यादव, गुड्डू तहसीलदार,राजू कुमार, पारसनाथ जी,जमशेद अहमद, भूपेंद्र वीर,अजय कुमार प्रधान, रमेश चंद्र इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# सीतापुर सांसद राकेश राठौर मेला समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सीतापुर सांसद माननीय श्री राकेश राठौर जी आज अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर की विधानसभा सेउता अंतर्गत विकासखंड



रेउसा के ग्राम चकदहा बाजार में आयोजित मेला समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सांसद जी ने कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों से स्नेहिल भेंट कर उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम के आयोजकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा माननीय सांसद जी का फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सांसद श्री राकेश राठौर जी ने कहा कि ऐसे मेले हमारी ग्रामीण संस्ति, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगामी 24 जनवरी को रेउसा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री महेंद्र यादव जी ने कहा कि सांसद जी सदैव क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं और रेउसा क्षेत्र के विकास हेतु लगातार प्रयासरत हैं। वहीं शिवप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद जी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है और जनता को उनका सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# अवैध मिट्टी खनन पर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) का आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । बिजनौर . ( नजीबाबाद ) तहसील एवं मंडावली थाना क्षेत्र में नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार हो रहे अवैध मिट्टी व बालू खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद के नाम तहसीलदार को व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को भी ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 13 जनवरी तक अवैध खनन बंद नहीं कराया गया तो पहली कड़ी में तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संगठन का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद जेसीबी व भारी मशीनों से दिन–रात अवैध खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों और डंपरों से मिट्टी व बालू की ढुलाई खुलेआम हो रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। और प्रा.तिक संतुलन बिगड़ रहा है। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि बार–बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इससे किसानों की जमीन, ग्रामीण सड़कें और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई



जाए, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। संगठन ने चेताया कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उपस्थित रामोद कुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू, नगर अध्यक्ष जलालाबाद मोहम्मद रफीक, राज कुमार फौजी सोहेल खान सुंदर सिंह मोहम्मद जाकिर नईम अहमद मोहम्मद इरफान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) 2026

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से बुक–ए–कॉल विद बीएलओ सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बुक–ए–कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से कोई भी मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से सीधे बात करने के लिए फोन कॉल बुक कर सकता है। यह सेवा मतदाता सूचीधविशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ैप्त्) से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त करने के लिए उपयोगी है। भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल अवजमते. मबप.हवअ.पद तथा म्ब्प्छम्ज् ऐप पर अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉग–इन करें, यदि आपका नम्बर पोर्टल पर रजिस्टर नहीं है, तो पहले ैपहद न्च करें। मोबाइल नम्बर, ओटीपी एवं अपना नाम भरकर रजिस्टर करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, ओटीपी भरकर लॉग–इन करके बुक–ए–कॉल विद बीएलओ ऑप्शन पर जाएं, जिसमें म्च्प्ब् नम्बरधरिफरेन्स नम्बरध्अन्य का ऑप्शन दिखेगा। म्च्प्ब् नम्बरधरिफरेन्स नम्बर भरकर सर्च करने पर आपका नाम, मतदेय स्थल का नाम तथा आपके क्षेत्र से सम्बन्धित बीएलओ के नाम आदि की जानकारी मिल जायेगी। मोबाइल नम्बर एवं ओटीपी भरकर रिक्वेस्ट कॉल बैक ऑप्शन पर आपके बीएलओ के साथ कॉल बुक हो जायेगी। 48 घंटे के अंदर बीएलओ आपसे फोन पर सम्पर्क करेंगे। यदि म्च्प्ब् नंबर उपलब्ध नहीं है, तो अपने राज्य, जनपद, विधानसभा क्षेत्र एंव बूथ की जानकारी भरकर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए बुक–ए–कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करें।

# जनपद बाँदा को मिले 02 इण्टरसेप्टर वाहन

## -ओवर स्पीड से चल रहे वाहनों के स्वतः हो जायेगें चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से ओवरस्पीड वाहनों पर अंकुश लगाये जाने हेतु परिवहन मुख्यालय द्वारा जनपद बाँदा को 02 इण्टरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमें लगे स्पीड गन द्वारा निर्धारित गति सीमा से अधिक स्पीड से चल रहे वाहनों के स्वतः चालान हो जायेगें। मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या 3033ध्तीस–3–2025 दिनांक 31.12.2025 द्वारा दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 10.01.2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिवस श्री श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बाँदा एवं श्री वीरेन्द्रनाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी द्वारा उक्त इण्टरसेप्टर वाहनों के माध्यम से बन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे पर 65 वाहनों को चेक किया गया व ओवरस्पीडिंग करते हुए पाये जाने पर 10 वाहनों का ओवरस्पीडिंग के अभियोग में चालान किया गया। ओवरस्पीड संचालित वाहनों के प्रति उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त के अतिरिक्त 66 बिना हेलमेट, 09 बिना सीटबेल्ट, 17 रांग साइड ड्राइविंग, 09 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 27 चालान किये गये।

# सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत हजारों युवाओं को मिली नौकरी

**-5399 युवाओं को मिशन रोजगार के तहत मिली 30 कंपनियों में नौकरी।**
**-रोजगार मेलों में 9710 युवाओं ने किया प्रतिभाग।**
**-2025 में 11,474 युवाओं ने पोर्टल में कराया पंजीकरण।**




न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत हजारों युवाओं को नौकरी मिल रही है और बांदा में पिछले एक वर्ष में आयोजित कराए गए 52 रोजगार मेलों में 5399 युवाओं को 30 अलग–अलग कंपनियों में नौकरी है। वही सेवायोजन की वेबसाइट में 11474 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। और युवाओं को नौकरी मिले इसको लेकर लगातार रोजगार मेलों का आयोजन करवाया जा रहा है। 30 अलग–अलग कंपनियों में मिली हजारों युवाओं को नौकरी बांदा में पिछले 1 साल में 30 अलग–अलग कंपनियों में 5399 युवाओं को नौकरी मिली है। और यह रोजगार मेला ऑनलाइन होता है जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को तवरहंतेंदहंउ.हवअ.पद वेबसाइट में जाकर पहले अपना रजिस्ट्रेशन करना होता है और फिर अलग–अलग प्राइवेट कंपनियां अपनी जरूरत के अनुसार डिमांड डालते हैं। और उसके बाद सेवायोजन विभाग के द्वारा शिक्षा व रुचि के अनुरूप पंजी.त अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभा करने के लिए बुलाते हैं। और फिर उनका साक्षात्कार कराकर उन्हें नौकरी दिलाई जाती है। युवाओं को मिले रोजगार इसके लिए लगातार आयोजित कराए जा रहे हैं रोजगार मेले क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक वकील अहमद अंसारी ने बताया कि रोजगार मेले में हम प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों को बुलाते हैं। और युवाओं को रोजगार देने का अवसर देते हैं। और इसको लेकर स्कूल और कॉलेज के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी जाती है। और जिन लोगों ने हमारे विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कर रखा है उनको हम फोन के जरिए जानकारी देते हैं। और जब कभी रोजगार मेले आयोजन किये जाते है। तो 500 से 1000 बच्चों को फोन कर जानकारी दी जाती है। जिसके बाद बच्चे रोजगार मेरे में प्रतिभाग करते हैं और उनका साक्षात्कार होता है। और फिर उन्हें नौकरी मिलती है और पिछले 1 वर्ष में बांदा में हजारों बच्चों को नौकरी पाने का अवसर मिला है। और लगातार हमारा प्रयास है कि यहां के बच्चों को नौकरी दिलाई जा सके।

# उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम के कप्तान अंशुल की अगवाई में खेलो इंडिया गेम्स दीयू कबड्डी में रनर-अप रही यूपी कबड्डी टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। दमन क्न मे आयोजित 5 से 9 जनवरी खेलो इंडिया गेम्स बीच कबड्डी प्रतियोगिता में बांदा जनपद के होनहार खिलाड़ी एवं उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान अंशुल के कुशल नेतृत्व में यूपी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (रनर–अप) का गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। पूरे टूर्नामेंट के



दौरान कप्तान अंशुल ने अपने बेहतरीन खेल, रणनीतिक समझ और अनुशासित नेतृत्व से टीम को क्वार्टर फाइनल मैच में अंशुल ने 50 पॉइंट में से 32 पॉइंट अंशुल के थे मजबूती प्रदान की। निर्णायक मुकाबले में उत्तर प्रदेश टीम ने राजस्थान के विरुद्ध कड़ा संघर्ष करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन बांदा के अध्यक्ष रामेंद्र शर्मा ,सचिव डा० इंद्रवीर सिंह जादौन तथा जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के अध्यक्ष अंकित कुशवाहा तथा कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने कप्तान अंशुल एवं पूरी यूपी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि अंशुल जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के सचिव तथा वरिष्ठ कबड्डी कोच कमल सिंह यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी यह सफलता न केवल बांदा बल्कि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

# अंकिता भंडारी केस की सीबीआई जांच से क्यों घबरा रही है उत्तराखंड सरकार? . साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर . ( नजीबाबाद ) साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन और आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने उत्तराखंड सरकार को एक पत्र लिखकर अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच तत्काल सीबीआई से कराने की मांग की है। खुर्शीद मंसूरी का कहना



है कि आज तक धामी सरकार ने अंकिता केस में जांच की जगह तथ्यों को छिपाने का काम अधिक किया है। ऐसा लगता है धामी सरकार अंकिता के मामले में आरोपी कुछ वरिष्ठ बीजेपी नेताओं को बचाने का घिनौना प्रयास कर रही है। घटना के तत्काल बाद धामी सरकार ने घटना स्थल पर बुलडोजर चलवा कर सबूत नष्ट करके अपनी गलत नीयत का परिचय दे दिया था। इस घटना से बीजेपी सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे की पोल खुल गई है। आसपा नेता ने कहा कि जब तक पर्वतीय बेटी को न्याय नहीं मिलेगा उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। चेयरमैन मंसूरी ने आरोप लगाया कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जो धामी सरकार बात बात पर जेहाद का झूठा आरोप लगाती है, अब पहाड़ की ही एक बेटी को न्याय दिलाने के लिए 11 जनवरी को उत्तराखंड के लोगों को देहरादून बंद का आव्हान कर बहरी सरकार को अपनी आवाज सुनानी पड़ रही है।

# भारत के स्वाभिमान, आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर

**- आक्रमण के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**
**- बॉम्बेश्वर मंदिर में आयोजित हुआ रुद्राभिषेक कार्यक्रम।**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा । सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा पूरे जिले में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – 2026 मनाया गया स इस अवसर पर शिवालयों में पूजा पाठ व हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गए स शहर के बॉम्बेश्वर पर्वत की गुफा में स्थापित शिवलिंग की मूर्ति में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया स साथ ही अपने इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया स कार्यक्रम का शुभारम्भ बामदेव मंदिर स्थित शिवलिंग में विधिविधान से पूजा अर्चना की गई तथा कार जप का वाचन किया गया स हर हर महादेव के उदघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया स इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं वल्कि भारत के स्वाभिमान, आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक है जिसने बार बार टूटकर भी उठना सिखाया स यह हजार वर्षों की आस्था और पुनरिनिर्माण की विरासत है स इसी प्रकार पहाड़ की चोटी पर स्थित मंदिर , छोटी बाजार झंडा चौराहा स्थित शिव मंदिर , बन्योटा स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित कर सभी लोगों ने मंदिर व मूर्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की स कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह ,




पालिकाध्यक्ष मालती गुप्ता बासू , ममता मिश्रा , जाग्रति वर्मा , संतू गुप्ता , राजेश गुप्ता रज्जन , अनीता शुक्ला , शशि धुरिया , धीरेन्द्र सिंह धीरू , प्रेम स्वरुप द्विवेदी , राम.ष्ण शुक्ला , इंद्रजीत राजपूत , दिनेश शुक्ला , राजेश सेन , शनि धुरिया आदि शामिल रहे ।

# उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम का सभी दुकान प्रतिष्ठान स्वामी अधिनियम के प्राविधानों का करें अनुपालन

## –प्राविधानों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्यवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र मऊ एवं नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में साप्ताहिक बन्दी रविवार को घोषित है। परन्तु संज्ञान में आया है कि कुछ प्रतिष्ठान स्वामियों द्वारा साप्ताहिक बन्दी के प्राविधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है, उन्होंने बताया कि शापिंग माल एवं वे पंजी.त दुकानध्प्रतिष्ठान जिन्होंने 7 दिन दुकान खोल जाने का लाइसेंस प्राप्त किया है उन्हें साप्ताहिक बन्दी से छूट प्राप्त है। साथ ही अत्यंत आवश्यक वस्तुओं से सम्बंधित दुकानों पर साप्ताहिक बन्दी के प्राविधान लागू नहीं होते हैं। परन्तु ऐसे दुकान ध् प्रतिष्ठान जिन्होंने 7 दिन दुकान खोले जाने का लाइसेंस प्राप्त किया है, उन्हें श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जाँचधनिरीक्षण के समय प्रतिष्ठान ध् दुकान पर कार्य करने वाले कार्मिकों की छुट्टी, वेतन, बोनस आदि का विवरण तत्समय प्रस्तुत करना होगा अन्यथा की दशा में उनके खिलाफ उ०प्र० दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में प्रदत शक्तियों प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी । सभी दुकान प्रतिष्ठान स्वामी उक्तानुसार अधिनियम के प्राविधानों का अनुपालन करें।

# मोहनलालगंज ब्लॉक में भाकियू भानू गुट के प्रदेश प्राभरी ऋषि मिश्रा द्वारा,तहरी भोज व पत्रकार समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन......

## -एक फरवरी से दस दिवसीय किसान क्रांति पदयात्रा की प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने की घोषणा......।

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के तत्वावधान में मासिक बैठक, तहरी भोज एवं पत्रकार व समाजसेवी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहनलालगंज तहसील व ब्लॉक क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों किसान, पत्रकार एवं समाजसेवी शामिल हुए। बड़ी संख्या में जुटी भीड़ के कारण आयोजन जनसभात्मक रूप में तब्दील हो गया, जहां किसान हितों, सामाजिक सरोकारों और संगठन की आगामी रणनीति पर व्यापक चर्चा हुई।कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक सभागार में समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने के साथ की गई। इसके उपरांत आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि समाजसेवी समाज के सच्चे प्रहरी होते हैं। उनकी जागरूकता और सक्रियता से समाज में फैली कुरीतियों का अंत संभव हो पाता है। उन्होंने कहा




कि कमजोर और वंचित वर्ग को न्याय दिलाने में समाजसेवियों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है।प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन भारतीय किसान यूनियन किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। इस दौरान उन्होंने 1 फरवरी से 10 दिवसीय "किसान क्रांति पदयात्रा" निकालने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा लखनऊ जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉकों से होकर गुजरेगी तथा किसानों की प्रमुख मांगों को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू ने कहा कि संगठन लगातार किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। किसानों को एकजुट करना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में किसान यूनियन का आंदोलन और अधिक व्यापक और प्रभावी होगा।कार्यक्रम में निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक एवं भाकियू के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने कहा कि किसान और पत्रकार समाज के दो मजबूत स्तंभ हैं। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से ही किसानों की वास्तविक समस्याएं शासन–प्रशासन तक पहुंच पाती हैं। उन्होंने पत्रकारों से किसान हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुवात से पहले वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला का जन्मदिन केक काट कर मनाया कार्यक्रम स्थल पर मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों, पत्रकारों और किसानों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं, जिससे आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।पत्रकार सम्मान समारोह के दौरान भारतीय किसान यूनियन की ओर से क्षेत्र के पत्रकारों और समाजसेवियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा स्मृति स्वरूप डायरी और पेन भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश द्विवेदी, प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर एस बी सिंह मोइन खान, विजय जायसवाल, मनोज यादव, दिलीप मिश्रा, योगेन्द्र तिवारी, धीरज तिवारी, सूरज तिवारी, विवेक कुमार, आशीष पांडेय, शैलेन्द्र शुक्ला, आरिफ खान, आरिफ मंसूरी, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार बृजराज सिंह, जय सिंह यादव, प्रमोद सोनी,राघवेंद्र सिंह, करण रावत, चांद खान, प्रशांत त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार ललित मिश्रा, शनि पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार नवीन वर्मा, सरोज यादव, शिवा मिश्रा, हिमांशु रावत, अरुण सिंह,विनय मिश्रा, विनीत मिश्रा अवनीश पाण्डेय, अनुराग तिवारी,अनुराग त्रिपाठी, अमित यादव, नितिन जायसवाल, अशोक सिंह, भाकियू नेता उमेश वर्मा, अर्जुन सिंह फौजी, उमेश यादव, मोनिश खान, विशाल यादव, देवता दीन सहित बड़ी संख्या में किसान, पत्रकार और समाजसेवी मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन किसान एकता, सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और किसानों के अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया। आयोजन से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि आने वाले समय में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट जनपद स्तर पर बड़े आंदोलन की तैयारी में है और पत्रकारों के सहयोग से किसानों की आवाज को और अधिक मजबूती दी जाएगी।

# सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निकाली गई रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर सीतापुर । राष्ट्रीय सेवा योजना छ॰. के सेवक सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई जिसमें सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक करते हुए अनेकों नारे लगाए गए तथा कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने सभी सेवक सेविकाओं को यातायात संबंधी नियमों के बारे में बताया यातायात के नियमों का पालन करने से हम सभी बहुत बहुत सी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं और अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं बच्चों से सड़क सुरक्षा के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया अनु विश्वकर्मा और अनीता प्रथम स्थान पर रही दूसरे स्थान पर अंशिका जायसवाल और तीसरे स्थान पर कामिनी देवी रही इन सभी छात्र–छात्राओं को पुरस्‍तकिया गया प्रबंधक अनिल कुमार पुरी ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई



# ग्राम आम्बा में आयोजित हुआ नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 10 जनवरी। सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की रोकथाम तथा पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी राजन कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में "एफ" समवाय के "ग्राम अम्बा" में वृहद निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल




125 पशुओं का अनुभवी पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 24 लाभार्थियों को आवश्यक पशु औषधियाँ एवं विटामिन आदि पूर्णतः निःशुल्क वितरित की गईं। इस शिविर में ग्राम अम्बा सहित आसपास के कुल 04 गाँवों के पशुपालकों ने अपने पशुओं का इलाज कराकर लाभ उठाया। ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस जनकल्याणकारी पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। कमान्डेन्ट राजन कुमार श्रीवास्तवने बताया कि पशु चिकित्सा शिविर के माध्यम से क्षेत्र के पशुपालकों को न केवल आर्थिक राहत मिली, बल्कि पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। सशस्त्र सीमा बल समय–समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा आम जनमानस से सु.ढ़ संबंध स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है । शिविर के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, सुजौली डॉ. बिपिन बिहारी द्वारा पशुओं का परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक (सा.) भास्करानंद जोशी, मुख्य आरक्षी (पशु चिकित्सा) अजित सिंह सहित अन्य बलकर्मी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बलकर्मियों द्वारा पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, स्वच्छता एवं संतुलित आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गईं।

# 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर समाजसेवी अवधेश साहू को ''राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड'' से करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित'

## -संघर्ष, सेवा और संकल्प की मिसाल बने अवधेश साहू।

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। 12 जनवरी, राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन एवं प्रेरणादायी अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले समाजसेवी अवधेश साहू को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च युवा सम्मान "स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड" से सम्मानित किया जाएगा। यह गरिमामयी सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। समाजसेवी अवधेश साहू का जीवन संघर्ष, साधना और सेवा का प्रेरक संगम है। अत्यंत साधारण और अभावों से भरे परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने कभी परिस्थितियों को अपने मार्ग की बाधा नहीं बनने दिया। पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्होंने मजदूरी तक की, लेकिन शिक्षा और समाज सेवा के अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए। इस पुरस्कार का श्रेय वे अपनी अनपढ़ माता जी को देते हैं, जिन्होंने मात्र दो वर्ष की आयु में पिता का साया उठ जाने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने स्वयं मजदूरी करके परिवार का भरण–पोषण किया और अपने पुत्र को पढ़ा–लिखाकर योग्य बनाया। माँ का यह त्याग, संघर्ष और ममता ही अवधेश साहू के जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बनी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं के मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब, असहाय और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर और निःस्वार्थ भाव से कार्य किया है। उनके प्रयासों से हजारों जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है और समाज में सेवा की चेतना सु.ढ़ हुई है। यह गौरव का विषय है कि अवधेश साहू इससे पूर्व भी पूरे जनपद और उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर चुके हैं, जब भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2019.20 के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिया जाने वाला "स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड" युवाओं को चरित्र निर्माण, सेवा और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देता है। इस .ष्टि से अवधेश साहू इस सम्मान के पूर्णतः योग्य हैं, क्योंकि उनका संपूर्ण जीवन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों . "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो" . का सजीव उदाहरण है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, शिक्षाविदों एवं क्षेत्रवासियों में अत्यंत हर्ष और गर्व का वातावरण है। सभी ने अवधेश साहू को इस ऐतिहासिक सम्मान के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि यह माँ के त्याग, बेटे के संघर्ष और समाज सेवा के संकल्प की उस यात्रा का सम्मान है, जो हर युवा को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।



# नगराम में युवक ने पंखे से लटककर लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगराम। लखनऊ , नगराम थाना क्षेत्र के जमालपुर ददुरी गांव में युवक ने पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्म हत्या कर लिया। उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के ऊपरी कमरे में पंखे से साड़ी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना के बाद पंहुची नगराम पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा। एस ओ नगराम के अनुसार आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। जमालपुर ददुरी गांव निवासी किसान रामप्रकाश ने बताया कि उसके लड़के अंकित की शादी तीन साल पहले हुई हुई थी दंपति से डेढ़ साल का बच्चा है। इस समय पत्नी बच्चे के साथ मायके गयी हुई थी। शुक्रवार की रात खाना खाकर लड़का अंकित मकान के ऊपरी कमरे में लेटने गया था ।सुबह करीब दस बजे जब लड़की खाना खाने को उसे बुलाने गयी तब कमरे में उसका शव छत के पंखे में साड़ी के फंदे से लटकता देख चीखने लगी ।जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। इसके बाद नगराम पुलिस को सूचना दी गई। थाना अध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक अंकित की तहरीरी सूचना पर इश्तफाकिया दर्ज कर शव कब्जे में ले लिया गया विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम को भेजा गया रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के दो बहन व तीन भाई हैं जो भाईयों में सबसे बड़ा था।

# गरम सेकाई से नहीं समय पर सही पहचान से रुकेगा बच्चों का निमोनिया- डाक्टर चंद्रभान राम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निमोनिया पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसके मामले सर्दियों में बढ़ जाते हैं। कई परिवार इसे ठंड लगना मानकर घरेलू उपायों पर निर्भर रहते हैं। इसी गलतफहमी और इलाज में देरी के कारण बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुँचते हैं, जबकि निमोनिया में समय पर उपचार सबसे अहम होता हं। नानपारा सीएचसी अधीक्षक डाक्टर चंद्रभान राम ने बताया कि शुरुआत में ठंड समझकर घर पर लहसुन–अजवाइन वाले तेल से गरम सिकाई की गई, लेकिन जब बुखार बढ़ा और साँस तेज होने लगी, तब बच्चे को अस्पताल लाया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रभान राम बताते हैं कि सर्दियों में ऐसे कई शिशु रोज प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होकर जिला चिकित्सालय भेजें जाते हैं, जिनमें अधिकांश गंभीर निमोनिया से पीड़ित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली कुल मौतों में लगभग 14 प्रतिशत मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इन मौतों का बड़ा कारण बीमारी की समय पर पहचान न होना और इलाज में देरी है। ठंड नहीं, संक्रमण है, असली वजह डॉ. चंद्रभान राम बताते हैं कि निमोनिया ठंड से नहीं, बल्कि वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण से होता है। सर्दियों में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है और इस मौसम में संक्रमण का प्रसार भी तेजी से होता है। ऐसे में शिशु को बार–बार छूने से बचाना, हाथों की स्वच्छता रखना और भीड़ से दूर रखना जरूरी है। घरेलू उपाय अक्सर इलाज में देरी करते हैं, वहीं आग या धुएँ के संपर्क से साँस की परेशानी और बढ़ सकती है। इसलिए निमोनिया के लक्षण दिखते ही समय गंवाए बिना बच्चे को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाना चाहिए।

निमोनिया के खतरे के संकेत

’ तेज साँस लेना
’ पसलियों का अंदर धँसना
’ स्तनपान या कुछ भी न पी पाना
’ अत्यधिक सुस्ती या बेहोशी
’ बुखार

# जनपद फिरोजाबाद में जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता निष्पक्षता हेतु एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा शुरु किया गया है विशेष अभियान

## -विशेष अभियान के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 14 शिकायतों का किया गया निस्तारण..

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ६ अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किया गया है विशेष अभियान । इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है । विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण । प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे । दिनांक 09–01–2026 को चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 14 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण । विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान । फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा । शिकायतकर्ता को बार–बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा ।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, अफजलगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर . ( अफजलगढ़ ) थाना अफजलगढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5६6 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश करने




की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, छह जनवरी 2026 को एक व्यक्ति ने थाना अफजलगढ़ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़ित तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पहले लगी धारा 69 बीएनएस को हटाते हुए धारा 64 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5६6 की वृद्धि की गई। पुलिस ने नौ जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम इनायतपुर, थाना बढ़ापुर को गिरतार कर लिया। आरोपी दीपक कुमार को पुलिस ने शनिवार को न्यायलय में पेश कर कार्रवाई की। उधर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आजाद समाज पार्टी कांशीराम की बैठक, बड़ी संख्या में लोगों ने ली सदस्यता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। ( नजीबाबाद ) कैंप कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान नागीना सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद की नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जिस प्रकार चंद्रशेखर आजाद जी लगातार मुस्लिमों, दलितों, पिछड़ों एवं मजलूम वर्गों की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं, उससे जनता में नया विश्वास पैदा हुआ है। लोगों ने यह भी कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में वे चंद्रशेखर आजाद के हाथों को और मजबूत करेंगे। बैठक में डॉ. नसीम ने कहा कि साहनपुर चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी जिस निष्ठा और ईमानदारी से जनता के कार्य कर रहे हैं, यदि पार्टी नेतृत्व उन पर भरोसा जताता है तो नजीबाबाद की जनता उन्हें वर्ष 2027 में विधायक चुनकर विधानसभा भेजेगी। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कसीम ने किया, जबकि सदारत हाजी गफार कुरैशी द्वारा की गई।




# कड़ाके की ठंड में समाजसेवी ने गरीब बच्चों को वितरित किए जैकेट व कोट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच ।भारत.नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में पड़ रही भीषण शीत लहर के बीच कस्बे के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी रितेश अग्रवाल (45 वर्ष) ने एक सराहनीय पहल करते हुए गरीब छात्र–छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए जैकेट एवं कोट वितरित किए। उल्लेखनीय है कि रुपईडीहा स्थित इमीग्रेशन चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारी आशुतोष दुबे अपने निवास पर सैकड़ों निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। उन्हीं जरूरतमंद बच्चों के उत्साहवर्धन एवं ठंड से सुरक्षा के उद्देश्य से समाजसेवी रितेश अग्रवाल द्वारा प्रत्येक बच्चे को एक–एक जैकेट एवं कोट उपलब्ध कराया गया। जैकेट एवं कोट पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस पुनीत कार्य के लिए बच्चों के अभिभावकों ने रितेश अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं इस अवसर पर इमीग्रेशन अधिकारी एवं बच्चों के शिक्षक आशुतोष दुबे ने भी समाजसेवी रितेश अग्रवाल की इस उच्चस्तरीय सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया।

# इब्जा ने जारी किया सर्राफा व्यवसायियों के लिये सुरक्षा निर्देश

## –चेहरा ढककर आभूषणों की दुकानों पर प्रवेश की अनुमति नही – इब्जा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इंडिया बुलियन एण्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) इमरजेंसी कमेटी के प्रदेश सह प्रभारी आकाशदीप जैन एवं इब्जा सेक्रेटरी राजीव चन्देल ने प्रदेश में हो रही सर्राफा कारोबारियों के प्रतिष्ठानो पर घटनाओ को देखते हुये इटावा में सभी सर्राफा व्यवसायियों से



अलर्ट रहने को कहा है और सर्राफा प्रतिष्ठानो पर ग्राहकों को हेलमेट, अंगोछा, घूंघट, नकाब हटाकर ही शोरूम में प्रवेश करने दे, किसी भी प्रकार से चेहरा छिपाकर प्रतिष्ठान में प्रवेश वर्जित है के स्टिकर लगा कर जागरूक करते हुये बताया किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति को किसी भी दशा में प्रतिष्ठान में प्रवेश नही दे साथ ही कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे उसकी सूचना पुलिस को दे।

# महिला मिशन शक्तिटीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा । मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत दिनांक 10 जनवरी 2026 को थाना फ्रेण्डस कॉलोनी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना फ्रेण्डस कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान



महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उज्ज्वल भविष्य बनाने की अपील की गई। अंत में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सतर्क एवं स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए प्राप्त जानकारी को परिवार और समाज में साझा करने का आह्वान किया गया। संदेशरू स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है।

# इटावा मैराथन को नुमाइश पंडाल से प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति आज करेंगे रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा । ( सुघर सिंह सैफई) इटावा हेल्प डेस्क के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में क्लीन–ग्रीन एंड फिट इटावा के तहत इटावा मैराथन 2026 का आयोजन आज 11 जनवरी दिन रविवार को किया जा रहा है। इसे इटावा जिले के प्रभारी मंत्री ध र्मवीर प्रजापति हरी झंडी दिखाकर नुमाइश पंडाल से रवाना करेंगे।



सिंचाई विभाग डाक बंगला में हेल्प डेस्क संस्थापक मयंक भदौरिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि पिछले वर्ष की भांति शहर में इटावा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, मैराथन में शामिल होने के लिए अभी 1500 से अधिक लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन होगा। छह किलोमीटर की मैराथन नुमाइश पंडाल से शुरू होकर टिक्सी मंदिर, पचराहा, नौरंगाबाद चौराहा, चौगुर्जी, बलराम सिंह चौराहा, पक्का तालाब, नुमाइश चौराहा होते हुए पंडाल में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके अलावा युवतियों व आमजन के लिए दो किलोमीटर की दौड़ रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ विशेष स्थान प्राप्त करने वालों को ट्राफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस विभाग से फोर्स के साथ ही स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस व चिकित्सकों की टीम भी तैनात रहेगी। शुभ तिवारी, रितिक मौजू रहे। मयंक ने समाजसेवा की बदौलत बनाई पहचान । इटावा में हेल्प डेस्क नाम से समाजसेवी संस्था का संचालन कर रहे मयंक भदौरिया इस समय काफी चर्चित है। मयंक भदोरिया ने कोरोना कॉल में लोगों को भोजन व राशन पहुंचाने उपलब्ध कराया था। इसके अलावा वह आज भी भ्रष्टाचार के प्रति मोर्चा खोले रहते हैं पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने इटावा जनपद में जगह–जगह दीवारों पर अपना मोबाइल नंबर सहायता के लिए लिखवा रखा है। इसके अलावा मयंक सर्दियों में लोगों को बचाव के लिए कपड़े व कम्बल उपलब्ध करा रहे हैं। मयंक सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और पीड़ितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। अब तक दर्जनों रोगियों को इलाज के लिए मयंक सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर आर्थिक मदद उपलब्ध करा चुके है। जिले में मयंक भदौरिया की लगातार सक्रियता ने इटावा की राजनीतिक में हलचल पैदा कर दी है।

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार को देगा नई दिशा - प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लोकसभा में प्रस्तुत किए गए नए ग्रामीण रोजगार कानून "विकसित भारतरू जी राम जी (वीबी.जी राम जी) अधिनियम 2025" को लेकर जनपद इटावा में सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं जनपद इटावा के प्रभारी मंत्री श्री धर्मवीर प्रजापति ने भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्री अरुण कुमार 'अन्नू' गुप्ता की उपस्थिति में संबोधित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को समाप्त नहीं किया गया है। वीबी.जी राम जी अधिनियम के पूर्ण रूप से लागू होने तक मनरेगा पूर्व की भांति प्रभावी रहेगी और रोजगार की गारंटी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा की तुलना में वीबी.जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत रोजगार गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। यदि निर्धारित समय में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य होगा। इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार




योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। गांवों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना सहित भौगोलिक सूचना प्रणाली जैसे आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाएगा तथा अन्य विभागीय योजनाओं से समन्वय स्थापित किया जाएगा। अनुमन्य कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है. जल सुरक्षा एवं संरक्षण कार्य, ग्रामीण अवसंरचना से संबंधित कार्य, आजीविका संवर्धन के कार्य, जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसम से निपटने से जुड़े कार्य। विकास के मानकों के आधार पर ग्राम पंचायतों को 'ए', 'बी' एवं 'सी' श्रेणी में विभाजित किया जाएगा, जिससे सभी गांवों को समान विकास के अवसर मिल सकें। . षि बुवाई एवं कटाई के समय श्रमिकों की कमी न हो, इसके लिए वर्ष में 60 दिनों तक कृषि मौसम में कार्य न कराने का प्रावधान भी किया गया है। योजना के अंतर्गत होने वाले व्यय का 60 प्रतिशत वहन केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। प्रा.तिक आपदाओं या असाधारण परिस्थितियों में त्वरित राहत के लिए विशेष छूट का प्रावधान रहेगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जैविक पहचान आधारित उपस्थिति, भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित योजना निर्माण, ऑनलाइन पोर्टल, प्रबंधन सूचना प्रणाली डैशबोर्ड, . त्रिम बुद्धिमत्ता एवं अन्य सूचना तकनीकी उपकरणों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सामाजिक अंकेक्षण व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि आय वृद्धि, कौशल विकास, नवाचार एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने का भी कार्य करेगी। यह पहल विकसित भारत.2047 के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार 'अन्नू' गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विध ायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी एवं प्रशांत राव चौबे, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, .पा नारायण तिवारी, कार्यक्रम संयोजक व जिला मंत्री रजत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य तथा सह–संयोजक सतेंद्र राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी यातायात द्वारा हूटर-सायरन व फॉल्ट नंबर प्लेट पर कसा शिकंजा

## -यातायात पुलिस ने 85 हजार रुपये का शमन काटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनपद इटावा में यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह द्वारा हूटर, सायरन एवं फॉल्ट नंबर प्लेट के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 85,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। यातायात





पुलिस द्वारा विशेष रूप से बिना अनुमति लगे हूटर व सायरन, गलत अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट, तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिह्नित कर कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य सड़क पर अनावश्यक शोर, अव्यवस्था एवं दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा बिना अनुमति हूटर–सायरन का प्रयोग न करने की अपील की। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह के साथ कांस्टेबल दुर्गेश कुमार एवं कांस्टेबल चालक मनोज कुमार सहित अन्य अधि कारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसे विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नशा युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा- प्रेम कुमार शाक्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर–इटावा। राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा जागरूकता एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन एक कोचिंग संस्थान में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीएलवी राजेन्द्र यादव के संयोजन में किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को तो नष्ट करती है परिवार और समाज को भी बर्बादी की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में यदि युवा सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच को अपना लें, तो वे नशे जैसी बुराइयों से आसानी से दूर रह सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे नशे के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं और अपने लक्ष्य को ही जीवन का



केंद्र बनाएं। पीएलवी राजेन्द्र यादव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशा न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह व्यक्ति को अपराध की ओर भी ध केल देता है। नशे से जुड़े मामलों में कानून सख्त है और इससे बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करें। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के संचालक दीपक यादव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर राखी यादव, रुचि, सृष्टि, अंजली, रागिनी, वंदना, साधना, अमन यादव, सतेंद्र कुमार, चंद्रशेखर, आशीष राठौर, सौरभ कुमार, रवीश कुमार सहित अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम की तेज की धार

## - गांव गांव पार्टी लगाएगी चौपाल : महेश

## - भाजपा सरकार के सारे कार्य जनविरोधी : आरिफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस ने ज्वालागंज स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कहा कि अगर सरकार को गांधी जी से कोई नफरत है तो मनरेगा का नाम बदल दे परन्तु गरीब




कर मनरेगा बचाओ संग्राम का आगाज करते हुए पत्रकारों के बीच आगे की रणनीति साझा की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने मजदूरों का हक मारना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार ने यही सोच कर यह योजना लागू की थी कि गांवों में मजदूरों को काम की गारंटी होगी और उनके जीवन यापन में सुधार होगा जिसके तहत अपने जनपद में ही एक लाख उन्हत्तर हजार मजदूर कार्य में सक्रिय थे जिन्हें 100 दिन के काम की गारंटी थी जिसे मौजूदा सरकार नाम बदलने के बहाने खत्म करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके विरोध में कांग्रेस देश व्यापी आंदोलन कर अपनी तीन मुख्य मांगे करती है। जिसके तहत काम की गारंटी, जवाब देगी एवं न्यूनतम मजदूरी 400 रुपया करने की है जिसे सरकार को हर हाल में मानना पड़ेगा। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार के सारे कार्य जनविरोधी हैं परन्तु कांग्रेस जनता के हित में हर चुनौती स्वीकार कर आर पार की लड़ाई लड़ने की तैयार है। मनरेगा बचाओ संग्राम के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर आरिफ खान ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव गांव जाकर चौपाल लगाएंगे। मनरेगा मजदूरों को उनके अधिकारों के बावत जानकारी देते हुए इस संघर्ष में उनका साथ देंगी। कांफ्रेंस के दौरान प्रवक्ता ई0 देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरौंहा में षनिवार की सुबह परिजनों से लड़कर 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बरौंहा गांव निवासी मुन्ना तिवारी का पुत्र षिवम तिवारी ने षनिवार की सुबह परिजनों से लड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# एसएसपी के निर्देश पर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बलरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की है।




दिनांक 10 जनवरी 2026 को थाना बलरई पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान अभियुक्त अजीत सिंह गुर्जर पुत्र यदुवीर सिंह गुर्जर, निवासी ग्राम अजबपुर की मड़ैया, थाना बलरई, जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 17 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की गई। इस संबंध में थाना बलरई पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 04ध 2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजी.त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज, थाना बलरई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब से संबंधि त गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा । मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत दिनांक 10 जनवरी 2026 को थाना जीआरपी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस



दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने छात्र–छात्राओं से पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सुरक्षित एवं सतर्क रहने तथा प्राप्त जानकारी को परिवार, सहेलियों एवं परिचितों के साथ साझा करने की अपील की। अभियान के अंत में महिलाओं व बालिकाओं को "स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है" का संदेश दिया गया।

# पुलिस द्वारा गोदाम से धातुओ की चोरी करने वाले 01 वाछित अभियुक्त को अवैध छुरा के साथ किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अध ीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 10.01.2026 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दौराने चौकिंग मुखबिर खास की सूचना पर थाना रसूलपुर पर पंजी.त अभियोग मु0अ0सं0 15ध26 धारा 305 बीएनएस में वाँछित अभियुक्त गब्बर उर्फ शाहिद पुत्र मुस्तकीम निवासी अब्बास नगर गुलजार मस्जिद के पास बारह बिघा थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद को लालापुर मण्डी परिसर के पास से गिरतार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 अवैध छुरा व चोरी किये गये धातु(पीतल व ताबे) को बेचकर प्राप्त किये गये 1925ध– रूपये बारमद हुए है ।



# महिला बंदियों समेत 62 लोगों को दिए कंबल

## – रेडक्रास चेयरमैन का कंबल वितरण अभियान लगातार जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बढ़ती शीतलहर व सर्दी के प्रकोप से किसी को कोई परेशानी न हो इस भाव से पूर्व वर्षों की भांति पुनः षनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिन्हित अतिजरूरतमंद



बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों व जिला कारागार में महिला बंदियों को कंबल वितरण किया। डॉ अनुराग ने जिला कारागार में महिला बंदियों के लिए 20, नई तहसील चौराहा में 6, सिविल लाइंस में 6, लोधीपुरवा में 11, अस्ती में 5, गड़रियनपुरवा में 6, नासिरपीर में 8 कुल 62 कम्बल वितरित किए। डॉ अनुराग ने बताया कि अभी अन्य वार्डों में भी चिन्हित कर कंबल प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, आजीवन सदस्य रीता सिंह तोमर, प्रेमचंद मौर्य, सिविल लाइंस सभासद विनय तिवारी, अस्ती सभासद पुष्पराज पटेल, अन्नू सविता, प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

# एसआईआर का सेकंड फेज शुरू, मैपिंग से छूटे मतदाताओं को मिलेगा मौका

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान का सेकंड फेज अब शुरू हो चुका है। इस चरण के तहत उन मतदाताओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है, जिनकी मैपिंग पहले चरण में नहीं हो पाई थी। ऐसे सभी मतदाताओं को अब नोटिस जारी किए जाएंगे और नोटिस के बाद उनसे वैध दस्तावेज लिए



जाएंगे। दस्तावेजों की जांच के पश्चात नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। खागा तहसील परिसर में एसडीएम अभिनीत कुमार की अगुवाई में जिले की दो विधानसभाओं के बीएलओ की अहम बैठक बुलाई गई है। पहले खागा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की मीटिंग संपन्न हो चुकी है, जिसमें उन्हें एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद अब हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि अभियान को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। इस अभियान के तहत दो तरह की प्रमुख कार्यवाही की जाएगी। पहली एसआईआर प्रक्रिया में जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई थी, उन्हें नोटिस जारी कर उनसे जरूरी दस्तावेज लिए जाएंगे। दूसरी, ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म–6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए कुल 13 प्रकार के वैध दस्तावेज तय किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, पेंशन से संबंधित दस्तावेज सहित अन्य मान्य कागजात शामिल हैं। आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि पात्र मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो और सभी प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं।

# थाना समाधान दिवस : 18 शिकायतों का हुआ निस्तारण

## – जनता को थानों के द्वार पर ही न्याय दिलाना समाधान दिवस का उद्देश्य : एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में षनिवार को जनपद के समस्त थानों में माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस बड़े ही उत्साह और व्यवस्थित तरीके से मनाया गया। विशेष कार्यक्रम के तहत आम जनता की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया।

थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद भर में कुल 68 प्रार्थना पत्र



प्राप्त हुए। इनमें राजस्व की 47, पुलिस विभाग की 21 शिकायतें षामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से पुलिस व राजस्व टीमों के संयुक्त प्रयास से अब तक 18 प्रार्थना पत्रों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया गया है। इसमें राजस्व से संबंधित 10 व पुलिस से संबंधित 8 प्रार्थना पत्र षामिल रहे। शेष प्राप्त प्रार्थना पत्रों का भी शीघ्र निस्तारण किया जा रहा है। थानाध्यक्षों, क्षेत्राधिकारियों और संबंधित अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता को थानों के द्वार पर ही न्याय और समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को बार–बार चक्कर न काटने पड़ें। यह कार्यक्रम जनता और पुलिस के बीच विष्वास की मजबूत कड़ी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जनपदवासियों ने इस पहल की सराहना की और इसे अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी माध्यम बताया।

# युवा विकास समिति ने धूमधाम से मनाया 10 वां वार्षिकोत्सव

## - उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। युवा विकास समिति का दसवां वार्षिकोत्सव शहर के रामा श्यामा मैरिज हॉल में धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक करण सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। राष्ट्र की तरक्की का आधार युवा पीढ़ी है। युवा उम्र में ही श्रीराम और श्री .ष्ण बड़े कार्य किया। समाज को संदेश भी दिया। ऐसे ही जिले में युवा विकास समिति भी युवा उम्र से ही नई सोच के साथ कार्य कर रही है। कहा कि और भी बेहतर कार्य करने होंगे, महत्व कांक्षी जनपद से अब जिले को एक नई पहचान दिलानी है जिसमें युवाओं की भूमिका बहुत अहम रहे। उन्होंने कहा कि युवा विकास समिति द्वारा हर जरूरतमंद की मदद की जा रही है जो बहुत ही सराहनीय है। इससे पूर्व कार्यक्रम का



शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंच से युवाओं को प्रदेश उपाध्यक्ष, भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी, संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, व्यापारी नेता शिवचंद्र शुक्ला, बुलंदेलखंड बचाओ समिति के प्रवीण पांडेय, समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर, शिक्षक नेता अनुराग मिश्रा, हेमलता पटेल, रिंकू लोहारी, विद्याभूषण तिवारी, रूपम मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों, साहित्यकारों कवियों, चिकित्सकों व पत्रकारों सहित 50 सेवा भावियों को सम्मानित किया गया। जिन्हें अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह भी बढ़ाया गया। संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवा विकास समिति के सभी कार्य इसलिए फलीभूत होते हैं क्योंकि उनके पीछे लोकहित और पारमार्थिकता का भाव होता है। जिनके नेत्र अन्य के अभाव को देखकर द्रवित होते हैं, परमात्मा उनकी मदद करते हैं। कहा गया कि समिति सदैव सकारात्मक भाव से कार्य करती है। सुमित मिश्रा, नीतू सिंह, ज्ञान तिवारी, विनय तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, अवधेश शुक्ला, अंकित शुक्ला, वीरेंद्र यादव, शिवम सिंह गौतम, राजन तिवारी, दीप लोहारी, श्याम तिवारी, अंकित अग्निहोत्री, सुशील त्रिवेदी, अमित सिंह गौर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने किया। जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा ने आभार प्रकट किया।

# ग्राम चौपाल में सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

## - जिला पंचायत सदस्य रिंकू लोहारी के सहयोग से लगी चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित तेलियानी ब्लाक के अंतर्गत सदर विधानसभा 240 ग्राम सभा चक बरारी बिलंदा में आयोजित चौपाल में जिला पंचायत सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी अजय सिंह रिंकू सिंह लोहारी ने सहभागिता करते हुए चौपाल में आए हुए सभी ग्राम वासियों को सरकार की लाभकारी नीतियों को बताया। उन्होने कहा कि मतदाता सूची में सभी लोगों का नाम जरूरी है।यही मतदाता सूची भविष्य में सभी चुनाव में काम आएगी। चौपाल में आए हुए ग्रामीणों को जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना, राशन, पेंशन, आवास, शौचालय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार चौपाल लगाकर अपनी सभी योजनाओं को बिना किसी बिचौलिया के जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। ग्राम चौपाल में एडीओ समाज कल्याण संदीप श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान के अलावा मंडल प्रभारी बृजेश कुमार दुबे, राजू परिहार, सेक्टर संयोजक रामनरेश गुप्ता, पंचायत सेक्रेटरी विनीत सिंह उपस्थित रहे। श्री लोहरी ने बताया कि सरकर द्वारा



प्रत्येक शुक्रवर को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है। जिसमें गांव की समस्या गांव में ही हल की जाती है। ताकि गांव वासियों को अपने छोटे–छोटे काम राशन पेंशन आवास शौचालय मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना श्रम विभाग की योजना आदि लाभकारी योजनाओं के बारे में शहर मुख्यालय के चक्कर न काटना पड़े।

# 134 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद, मालिकों को सौंपे

## - मूल्य करीब 42 लाख 18 हजार रुपये, पुलिस का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में पुलिस ने एक बार फिर जनता का भरोसा जीता। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 134 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 4218098 रुपये है। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि क्षेत्राधिकारी यातायात/अपराध प्रमोद शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय थानों और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और



तकनीकी ट्रैकिंग के जरिए फतेहपुर व आसपास के सीमावर्ती जिलों से ये सभी मोबाइल सेट बरामद किए। समारोह के बीच इन सभी 134 मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों को सुपुर्द कर दिया गया। मालिकों के चेहरों पर खुशी और पुलिस टीम के प्रति .तज्ञता की भावना साफ झलक रही थी। यह सफलता बताती है कि अगर पुलिस और जनता साथ मिलकर काम करें, तो अपराधियों के लिए बचना मुश्किल हो जाता है और आम नागरिकों की छोटी–बड़ी खोई हुई चीजें वापस मिल सकती हैं। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में सभी थानों के प्रभारी के अलावा सर्विलांस सेल प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेश कुमार सिंह शामिल रहे।

# संगठन चला व्यापारी द्वार अभियान चलाएगा व्यापार मंडल

## - पंद्रह जनवरी से होगा शुभारंभ, कई स्थानों पर खोले जाएंगे संपर्क कार्यालय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शनिवार को जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश



के पदाधिकारयों की एक आवश्यक बैठक राधानगर में हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने षिरकत की। बैठक में संगठन को जिले के व्यापारियों की समस्याओं को चिन्हित करने के लिए एक विशेष अभियान संगठन चला व्यापारी द्वार चलाए जाने का निर्णय लिया गया। जिसकी शुरूवात 15 जनवरी से प्रारंभ कर दी जाएगी जो 20 अगस्त तक चलेगा। जिसके तहत फतेहपुर शहर व जनपद के समस्त नगरों, कस्बों सहित ग्रामीण इलाकों तक पहुंच कर व्यापारियों को संगठन के साथ जोड़कर कमेटियों के निर्माण के साथ ही उनकी समस्याओं को भी चिन्हित करते हुए सूचीबद्ध किया जाएगा और फिर क्रमशरू सम्बंधित विभागों पर संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा उनके समाधान के लिए पुरूजोर कोशिश की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संगठन धरना, प्रदर्शन आंदोलन,की भी तैयारी कर चुका है। व्यापारिक एवं जन समस्याओं को सही ठंग से सूचीबद्ध करने के लिए ज़िले में कई स्थानों पर जिला संपर्क कार्यालय भी खोले जाएंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान के साथ जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद, जसवंत गिहार, जुगुत सिंह मौर्य, कफील अहमद, मुन्ना सिंह, इसरार अहमद, रज्जन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ताबेश्वर मंदिर में किया पूजन

## – विधायकों ने शिवस्तोत्र के साथ शिव मंदिरों में टोका मत्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने शनिवार को पार्टी के दिशा–निर्देश पर तांबेष्वर पीठ व विधायकों ने अपने आवास के पास स्थित शिव मंदिरों में शिवस्तोत्र के साथ पूजन अर्चन किया। सोमनाथ की सदियों पुरानी सहनशीलता, पुनरुत्थान और निरंतरता को रेखांकित करने के लिए इस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाएंगी। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि जिस तरह से एक हजार वर्ष के उतार–चढ़ाव के बावजूद यह मंदिर आज भी अपनी भव्यता और गौरव के साथ खड़ा है। सोमनाथ मन्दिर की देश भर में की जाने वाली अर्चना सदैव सदैव वैभव के साथ पुनः स्थापित करने के निरंतर एवं सामूहिक प्रयासों के प्रतीक के रूप में होगी। अब जब मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष अभी 2026 में पूरे हो रहे हैं। देश भर में एक विशेष आस्था का संचार हो रहा है। इसी क्रम में आज सिद्धपीठ श्री तांबेष्वर मन्दिर में विधि–विधान के साथ पूजन अर्चन करने का अवसर मिला। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने खजुहा के बिंन्दौर शिव मंदिर के साथ ही सभी सम्मानित विधायकों व जनप्रतिनिधियों व पार्टी के लोगों द्वारा अपने आसपास के शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा अर्चना की गई। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि 11 मई 1951 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर श्रद्धालुओं



के लिए खोला गया था। एक हजार साल पूर्व, यानी 1026 तक आक्रांता मोहम्मद गजनी का आक्रमण का चलता रहा।

# पुलिया से टकराई अनियंत्रित कार, वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी के समीप नहर पुलिया के पास शुक्रवार की रात अचानक नीलगाय सामने आ जाने पर अनियंत्रित होकर कार पुलिया से टकरा गई। जिसमें 60 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुत्र मामूली तौर पर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बहियापुर मजरे रामपुर भसरौल गांव निवासी राजेष अग्निहोत्री पुत्र स्व0 बालकृश्ण अपने पुत्र के साथ खागा से कार द्वारा वापस गांव जा रहे थे। जैसे ही यह लोग नरैनी के समीप नहर पुलिया पर पहुंचे तभी अचानक नीलगाय सड़क पार करने लगी जिससे अनियंत्रित होकर कार पुलिया से टकरा गई। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुत्र मामूली तौर पर चुटहिल हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत के पास एनएच–2 में षुक्रवार की रात बाइक से दुकान बंद कर घर वापस जा रहे 37 वर्षीय बाइक सवार को तेज रतार डंपर ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली के बुदवन गांव निवासी नरसिंह का पुत्र हुकुम चन्द्र की खागा में आलमारी बक्से की दुकान है। बताते हैं कि रात लगभग आठ बजे दुकान बंद कर बाइक से घर वापस जा रहा था। जब वह नगर पंचायत एनएच–2 के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रतार आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे हुकुमचन्द्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# हीटर तापते समय युवक झुलसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में षनिवार की सुबह हीटर तापते समय 30 वर्षीय युवक बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार करनपुर गांव निवासी रामेन्द्र का पुत्र नरेन्द्र आज सुबह घर के अंदर बैठा हीटर ताप रहा था। तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। षोर–षराबा सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक के षरीर में लगी आग को बुझाया और तत्काल उसे सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव निवासी घूरू का 20 वर्षीय पुत्र प्रेमकुमार अपने साथी जय अवस्थी के साथ बाइक से रिष्तेदारी में जा रहा था। तभी हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चंदीपुर के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। उधर हुसैनगंज थाने के ही चितीसापुर गांव निवासी बसंत लाल का 56 वर्षीय पुत्र छंगूलाल बाइक द्वारा सामान लेने जा रहा था। तभी मुरांव के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जय अवस्थी की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# बिंदकी विधायक जैकी का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

## – विधायक को भारी–भरकम माला पहनाकर की दीर्घायु की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। बिन्दकी विधानसभा सीट से विधायक एवं पूर्व कारागार राज्यमंत्री जय कुमार जैकी का जन्मदिन शनिवार को सोमेस मनोज गुप्ता व मोईन खान की अगुवई में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। नऊवाबाग स्थित अपना दल (एस) के पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में समर्थकों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जन्मदिन समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक जय कुमार जैकी को सोने की चेन, 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं 21 किलो का केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम स्थल को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया गया, जिससे माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। समारोह में मौजूद समर्थकों ने विधायक के जनसेवाभाव और नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस अवसर जिलाध्यक्ष सैलेन्द्र पटेल, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मो0 जुनैद, तेलियानी मंडल अध्यक्ष राज बहादुर पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश उर्फ डॉ. झटका पासवान, किसान नेता बबलू कालिया, व्यवसायी सुधीर त्रिपाठी, भाजपा मंडल मंत्री सुभाष सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, महिला जिलाध्यक्ष कांति कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )